# विश्वकर्मा इलाके में गत्ता और प्लास्टिक की फैक्ट्री में आग

## 12 से ज्यादा दमकलों ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र (वी.के.आई) में रोड नंबर 14 पर स्थित गत्ते और पानी की टंकी बनाने की दो फैक्ट्रियों में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई।

आग की जानकारी मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस और फायर अधिकारी दमकलों के साथ मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते आग ने विकराल ले लिया। दोनों फैक्ट्री से आग की ऊंची लपटें निकलने लगी। फायर-ब्रिगेड की 12 से ज्यादा गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

- **जिन फैक्ट्रियों में आग लगी, वहां नजदीक ही थिनर का गोदाम था, अगर आग वहां तक पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था**
- **अग्निशमन टीम को जैसे ही थिनर गोदाम का मालूम चला तो समझदारी दिखाते हुए एक टीम ने वहां पानी डालाना शुरू कर दिया था, ताकि आग की तपिश से यहां कोई हादसा नहीं हो**





**विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार सुबह गत्ता व प्लास्टिक की पानी की टंकी बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग को दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया।**

सीएफओ ग्रेटर गौतम लाल ने बताया कि रविवार सुबह 6.40 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से आग लगने की जानकारी मिली। वीकेआई से 5 फायर-ब्रिगेड, बनीपार्क से 2, बिंदायका से 2 और घाटगेट से 3 फायर-ब्रिगेड को मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। सुबह 8.30 बजे तक लगभग आग को कंट्रोल करने में टीम को सफलता मिली। इसके बाद भी कई जगह से धुआं आने पर उसे पूरी तरह से बुझाने में टीमें लगी रही।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने वाली दोनों फैक्ट्री में से एक में गत्ता और दूसरी फैक्ट्री में पानी की टंकी बनती हैं। इन दोनों फैक्ट्रियों के पास में थिनर का भी गोदाम है। अगर आग की लपटें उस तक पहुंचती तो बड़े इलाके में आग फैल सकती थी। इसके चलते अग्निशमन विभाग की एक टीम ने समझदारी दिखाते हुए थिनर की फैक्ट्री खुलवाकर उसमें पानी का छिड़काव करते रहे, ताकि आग की हीट से होई नुकसान फैक्ट्री को न हो। पुलिस ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके की लाइट भी बंद करवाई और लोगों को फैक्ट्रियों से दूर करके आग बुझाने में मदद की।

बताया जा रहा है कि रविवार सुबह गत्ते की फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी, इसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण किया और अन्य फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में ले लिया।

इस फैक्ट्री में प्लास्टिक की पास की पानी की टंकी बनाने का काम होता था। यहां पर प्लास्टिक सामग्री होने पर आग और अधिक विकराल हो गई। दमकल को सूचना देने पर दमकल मौके पर पहुंची और आग को कंट्रोल किया। करीब तीन-चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## हुक्का बार पर पुलिस की दबिश, 14 लोग गिरफ्तार

**जयपुर** । रामनगरिया थाना पुलिस ने बच्चों को गैम खिलाने की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने मौके से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी व फ्लेवर जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया किरामनगरिया थाना पुलिस ने एनआरआई चौराहे के पास स्थित बहुमंजिला बिल्डिग की तीसरे फलोर के हॉल में संचालित द स्नूकर मनिया में के नाम से बच्चों को गेम खिलाने की संस्थान की आड में चल रहे हुक्का बार में की कार्रवाई की गई है। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर बच्चों को गेम खिलाने की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। पुलिस ने बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे विवेक शर्मा,गजेन्द्र कुमार शर्मा और लालू को गिरफ्तार किया है और साथ ही मौके पर मौजूद 14 लोगों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत पकडा है। साथ ही वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है।

## चार जुआरी पकड़े

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर ने चार जुआरियों को गिरफ्तार कर 15500 रु. जब्त किए है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने कार्रवाई करते हुए थाना इलाके में सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेल रहे रामाराम सांसी, अख्तर, शंकर सांसी और मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार कर उनके पास से साढे पन्द्रह हजार से अधिक की जुआ राशि जब्त की है।

## सार-समाचार

### जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर बांटे



**जयपुर** । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा सर्दी के मौसम में जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए गरम कपड़ो का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें 51 बच्चों को गर्म स्वेटर व कपड़े प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्रताप नगर में किया गया । उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को स्वेटर वितरित करते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का प्रयास किया। मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष से. नि. आरएएस एन एल वर्मा ने कहा, "हमारा उद्देश्य समाज के उन बच्चों को सहायता प्रदान करना है, जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पाते। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक व ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष स्वेटर व गरम वस्त्रों के वितरण का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें सामाजिक संगठनों और दानदाताओं के सहयोग से कच्ची बस्तियों, विद्यालयों, आंगनबाडीयो, कचरा बीनने वाले व जरूरतमंद आदि को गरम कपड़े व स्वेटर वितरित किये जाते हैं । कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामदयाल हाथीवाल, धन्नी देवी, दुर्गा वर्मा, संगीता सक्सेना, राधेश्याम, अंजू, सुनीता आदि मौजूद रहे ।

### शिक्षा समिति के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न



**जयपुर** । राजस्थान की अग्रणीय शैक्षिणक संस्था श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति कार्यकारी परिषद् चुनाव-2024 के त्रैवार्षिक चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गंगा सिंह शेखावत (सेवानिवृत्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश) ने बताया कि शिक्षा समिति के नगेन्द्र सिंह बगड़ अध्यक्ष, श्याम सिंह मंढा कोषाध्यक्ष, डॉ. अभय सिंह राठौड़ शिक्षा सलाहकार के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके साथ ही महेन्द्र सिंह जैसलाण उपाध्यक्ष, सुदर्शन सिंह सुरपुरा सचिव, जालम सिंह हुडील संयुक्त सचिव एवं जालिम सिंह आसपुरा, दिलीप सिंह छापोली, गुलाब सिंह मेडतिया व सम्पत सिंह धमोरा कार्यकारी सदस्य पद पर निर्वाचित घोषित किये गये।

### हरीश धाडुका अध्यक्ष व सुनील बज मंत्री



**जयपुर।** श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर नगर के प्रबंध कार्यकरणी वर्ष 2024-26 के जैन भवन महावीर नगर में हुये द्विवार्षिक चुनाव में हरीश धाडुका को सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं सुनील बज निविरोध मंत्री चुने गए। चुनाव अधिकारी योगेश टोडरका, राकेश छाबड़ा व अशोक लुहाड़िया ने बताया कि अध्यक्ष हरीश धाडुका, उपाध्यक्ष दर्शन जैन, मंत्री सुनील बज, संयुक्त मंत्री पवन तिजारा वाले, कोषाध्यक्ष पर गिरीश बाकलीवाल निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी के लिए नीरज गंगवाल, सुभाष जैन (आसाम वाले) राकेश पहाड़िया, चक्रेश जैन, माणक चंद पांड्या, दिनेश छाबड़ा, रमेश सोगानी, शैलेंद्र जैन झाझरी,भानु कुमार छाबड़ा, नितिन पाटनी चुने गए। अध्यक्ष बनने पर हरीश धाडुका ने समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मंदिर जी के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन ने सभी को नवीन कार्यकारिणी में आने की बधाई दी। चुनाव अधिकारी योगेश टोडरका, राकेश छाबड़ा व अशोक लुहाड़िया का मंदिर के मंत्री सुनील बज ने सफल चुनाव संचालन के लिए आभार व्यक्त किया।

### भागवत कथा में सुनाए कई प्रसंग



**जयपुर** । मुरलीपुरा की शंकर विहार कॉलोनी के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को उद्घव गोपी, वेणु गीत और महारास की कथा हुई। व्यासपीठ से कथावाचक आचार्य सुरेंद्र कृष्ण भारद्वाज ने गोवर्धन धारण लीला का प्रसंग में कहा कि गाय सर्व सुख देने वाली है। जहां गायों का वास होता है वहां भगवान का वास होता है। इसलिए सदैव गायों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कैसा मेला लगाया तूने श्याम सारी धरती जपे तेरा नाम भजन सुनाया। भगवान कृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन करने के लिए गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाया। उन्होंने कहा कि गोपी उद्धव संवाद भागवत कथा का सबसे महत्व पूर्ण हिस्सा है। गोपियां साधारण नहीं अपितु त्रेता युग के वे ऋषि है जो भगवान राम का सान्निध्य प्राप्त करना चाहते थे। तब भगवान राम ने कहा कि यह उनका मर्यादित अवतार है। द्वापर युग में ऋषियों की मनोकामना पूर्ण करने का विश्वास दिलाया। वे ऋषि ही द्वापर युग में गोपी बनकर आए। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनु महाराज, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी कान्हा शर्मा, जानकीदास सहित अन्य ने भागवत जी की आरती उतारी। इस मौके पर कृष्ण-रूक्मणि विवाह की सजीव झांकी सजाई गई। कथा 31 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर एक से शाम पांच बजे तक होगी।

### नवदुर्गा पार्क में पौषबड़ा महोत्सव

**जयपुर** । मुरलीपुरा की शंकर विहार कॉलोनी स्थित मां भगवती नवदुर्गा पार्क में रविवार शाम को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। मां सिद्धिदात्री, मां महागौरी, मां कालरात्रि, मां कांतायनी, मां स्कंदमाता, मां कुष्मांडा, मां चंद्रघंटा, मां ब्रह्मचारिणी, मां शैलपुत्री समक्ष पूजा अर्चना कर सूजी के हलवे और दाल के बड़ों का भोग लगाकर महाआरती की गई। शंकर विहार कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष शंकर जोशी ने बताया कि इस मौके पर स्थानीय पार्षद डॉ मीनाक्षी शर्मा, श्रीकांत शर्मा, श्रवण सैनी, अरविंद चौधरी, तरुण कुमावत, मूलचंद मान, गोकुल चंद चोटिया, सीता राम शर्मा, नीरज शर्मा, महेंद्र भोमिया ने आयोजन में सहयोग किया।

### कलाकारों ने गाए मो.रफी के तराने

**जयपुर** । संगीत आश्रम संस्थान की ओर से संस्थान परिसर में चल रहे तबला साज के शहंशाह उस्ताद मरहूम जाकिर हुसैन को समर्पित तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के आखिरी दिन रविवार को अपने दौर के संगीतकार नौशाद के संगीतबद्ध और खुदा के नूर गायक मो.रफी के गाए गीतों का सुरूर छा गया। युवा संगीतकार वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में इसी संस्थान के अनेक बाल व युवा कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की मेलॉडी से समूचे परिसर को सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में भूमिका, नरेन्द्र सिंह, हिमांशु वर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, विमर्श स्वामी और लक्ष्य शर्मा ने गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर शेर मोहम्मद, गिटार पर आलिया खान, तबले वरुण जांगिड़ और हारमोनियम पर वत्सल अनुपम ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## क्रिप्टो करैंसी के बहाने युवक से 9.50 लाख रु.लूटे

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट इलाके में क्रिप्टो करैंसी के बहाने एक युवक से 9.50 लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। बदमाशों ने उसे क्रिप्टो करेंसी की डील के बहाने मिलने बुलाया गया था। हथियार की नोक पर बदमाशों ने कैश से भरा बैग छीन लिया। कार से नीचे उतारकर बदमाश रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि कोटपूतली के आदर्श नगर निवासी अक्षय यादव ने मामला दर्ज करवाया कि उनके परिचित सतीश व दुष्यंत ने एक व्यक्ति से यूएसडीटी (क्रिप्टो करेंसी) की डील करवाई थी। क्रिप्टो करेंसी बेचने के बहाने उस व्यक्ति ने उसे रुपए लेकर जयपुर मिलने बुलाया। कोटपूतली से बैग में 9.50 लाख रुपए लेकर शनिवार शाम अक्षय जयपुर आ गया।

चित्रकूट इलाके में मिलने के लिए बुलाने पर कानसिंह नाम का व्यक्ति कार लेकर आया। कार में बैठाकर कुछ दूर चलने पर उसका एक ओर साथी बैठ गया। बातचीत के दौरान करीब 100 मीटर आगे चलने पर हथियार की नोंक पर बैग छीन लिया। कार रोक उसे नीचे उतारकर दोनों बदमाश वहां से फरार हो गए। चित्रकूट थाने में शनिवार रात पहुंचे पीड़ित ने लूट का मामला दर्ज करवाया।

## सिविल डिफेंस के जवानों ने निभाई अहम जिम्मेदारी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जिले में नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के साहसिक एवं समर्पित जवान आपदा प्रबंधन में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपनी जान की परवाह किये बगैर सिविल डिफेंस के जांबाज जवान, कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन एवं उप नियंत्रक अमित शर्मा के नेतृत्व में कार्य कर रहे है।

रविवार को सुबह करीब 8 बजे विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर 14 स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुई। सूचना मिलने के पश्चात उप नियंत्रक अमित शर्मा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम मौके के लिए तत्काल रवाना हुई एवं नागरिक सुरक्षा अग्निशमन सेवा के वाहनों को भी मौके पर रवाना किया गया। रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी फैक्ट्री का सर्च किया। इसके अतिरिक्त फायर कर्मियों का फायर फाइटिंग करने में सहयोग किया। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया।



इससे पूर्व शनिवार रात को करीब 10 बजे नियंत्रण कक्ष को टाटीयावास टोल के पास सीकर रोड पर एक सीएनजी का टैंकर पलटने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचे और टोरेंट गैस कंपनी की टेक्निकल टीम से समन्वय स्थापित करते हुए मौजूद गैस के प्रेशर को डॉउन करवाया। रेस्क्यू कार्य के दौरान जयपुर सीकर हाईवे को दोनों साइड से वाहनों की आवाजाही को बंद किया एवं बड़ी दुर्घटना पर समय रहते काबू पा लिया। ऑपरेशन पूरा होने के पश्चात हाईवे को आवागमन के लिए खोल दिया गया।

## जेल से बाहर आई बांग्लादेशी महिला डिटेन

**जयपुर** (कासं)। कमिश्नरेट की वेस्ट जिला पुलिस ने रविवार को एक बांग्लादेशी महिला फरजाना उर्फ अनामिका को जयपुर महिला जेल से डिटेन किया। आरोपी महिला बांग्लादेश की होने के बाद भी जयपुर में सालों से रह रही थी। वैशाली नगर थाना पुलिस ने फरजाना को जयपुर महिला जेल से डिटेन कर उसे निष्कासन के लिए डिटेंशन सेंटर अलवर में दाखिल करवा दिया।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर में दर्ज एक मामले में साल 2012 में दर्ज एक मामले में आरोपी महिला फरजाना उर्फ अनामिका (33)पत्नी फिरोज उर्फ फैदोस जाति निवासी- चारमन बाड़ी, गोला छीपा, पुलिस थाना फौतुला, जिला नारायणगंज, बांग्लादेश को गिरफ्तार कर जेल भेज भिजवाया था।

आरोपी महिला बांगलादेशी नागरिक है। जो अवैध तरीके से जयपुर में निवास कर रही थी।

इस पर महिला के रविवार को जेल से रिहा होने पर गृह विभाग के आदेश के अनुसार उसे डिटेन किया गया। निष्कासन की कार्रवाई करते हुए बांग्लादेश भिजवाने के लिए डिटेंशन सेंटर कैम्पस केंद्रीय कारागार अलवर में भेज दिया गया है।

## बीते 2 दिनों में 746 खुले बोरवेल और कुएं ढकवाए

### खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन ने दिखाई सतर्कता



**जयपुर** । खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बेहद संवेदनशील हैं। राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालन में आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं ऐसे हादसों को रोकने के लिए जयपुर जिला प्रशासन ने मुहिम के तहत विगत दो दिनों में कुल 746 खुले बोरवेल एवं कुंए ढकवाए।

अतिरिक्त कलक्टर मुकेश कुमार मूंड ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर तहसील में 13, आमेर तहसील में 30, कालवाड़ तहसील में 33, तूंगा तहसील में 69, जमवारामगढ़ तहसील में 24, माधोराजपुरा तहसील में 26, बस्सी तहसील में 30, चाकसू तहसील में 63, आंधी तहसील में 30, किशनगढ़- रेनवाल तहसील में 36 खुले बोरवेल एवं कुंए लोहे की प्लेट एवं जालियों से ढकवाए गए हैं। कोटखावदा तहसील में 11, सांभर तहसील में 68, जोबनेर तहसील में 16, रामपुरा डाबड़ी तहसील में 17, सांगानेर तहसील में 22, शाहपुरा तहसील में 82, चौमूं तहसील में 20, जालसू तहसील में 30, दूदू तहसील में 58, फागी तहसील में 27 और मोजमाबाद तहसील में 41 खुले बोरवेल एवं कुंए कवर करवाए गए। वहीं, राज्य सरकार के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को 328 तो वहीं 418 खुले बोरवेल एवं कुंए कवर करवाए।

# गोपालपुरा बाईपास पर पानी निकासी से पहले ही "कल्वर्टर बॉक्स" में मिट्टी भरी

## दो दिन पहले आई बारिश से ढह गई सड़क के नीचे की मिट्टी, सुरक्षा इंतजाम अब भी नहीं

**जयपुर** (कासं)। गोपालपुरा बाईपास पर शिप्रा पथ और महेश नगर के पास सड़क कभी भी धंस सकती है। पानी की निकासी के लिए यहां कल्वर्टर बॉक्स डालने में जो लापरवाही बरती जा रही है, वह काफी खतरनाक है।

बीते 2 दिनों में हुई बारिश से कारण यहां खोदी गई मिट्टी वापस इन्हीं कल्वर्टर बॉक्स में भर गई, अब यहां बिना सुरक्षा इंतजामों के सड़क की खुदाई की जा रही है, ऐसे में सड़क के नीचे से मिट्टी का कटाव हो रहा है। इस कारण यहां खुदाई करने वाले मजदूरों के साथ-साथ इस रास्ते से गुजरने वाले कोचिंग स्टूडेंट्स व आमजन के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स इस हादसे से जानबूझकर अनजान बने हुए हैं।

सूत्रों की मानें तो सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. प्रशासन की ओर से गोपालपुरा बाईपस पर पानी की निकास के लिए कल्वर्टर बाक्स डलवाये जा रहे है। इसके लिए सड़क तोड़कर मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इस खुदाई में इस कदर लापरवाही बरती जा रही है कि मजदूरों की जान पर आफत बन गई है। बीते 2 दिनों में हुई बारिश से पूरी मिट्टी ढीली हो गई है। आठ से दस फीट तक गहराई में जेसीबी से खुदाई की जा रही है, परंतु मिट्टी का कटाव रोकने के लिए किसी तरह के सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इसके चलते पानी की निकासी से पहले ही इन बॉक्स में मिट्टी जमा हो गई है। ड्रेनेज के लिए चैंबर्स बनाने में मामूली सीमेंट-बजरी का उपयोग भी हादसों को न्यौता दे रहा है।



सड़क पर खुदाई करते समय कल्वर्टर बाक्स डालने से पहले रोडी कंक्रीट मिक्स कर बेस बनाया जाता है, जबकि मौके पर मामूली सी रोडी-बजरी बिछा कर उन्ही पर बाक्स डाला जा रहा है। इससे कभी भी लीकेज के समय मिट्टी ढहने से पूरी सड़क पर कटाव हो सकता है। पूर्व में भी कई बार गोपालपुरा बाइपास पर लीकेज के कारण सड़क का कटाव हो चुका है, जिससे ट्रेफिक को रोकना पड़ा था। गोपालपुरा की सड़क व्यस्ततम मार्ग है, जिस पर दिन-रात ट्रेफिक चलता रहता है, ऐसे में जरा सी असावधानी बड़े हादसे का रुप ले सकती है। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे करके खाली छोड़े हुए हैं, जिससे वहां दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। यहां पर कोचिंग इंस्टीट्यूट में आने वाले विद्यार्थियों के गिरने की आंशका बनी हुई है। गोपालपुरा वाली व्यस्ततम सड़क पर गुर्जर की थड़ी की तरफ जाने वाले रास्ता भी छोटा हो गया है। काम की गति भी बहुत धीमे धीमे चल रही है, इस कारण स्थानीय निवासी और दुकानदार भी परेशान है। उनका कहना है कि गुर्जर की तरफ जाने वाली सड़क की चौड़ाई 50 फीट की है, जबकि मौके पर ठेकेदार ने आधी से ज्यादा सड़क बाक्स रखकर और गड्ढे करके रोक ली है। इससे दिन भर ट्रेफिक बाधित रहता है।

- **ठेकेदार की लापरवाही पर जे.डी.ए. के इंजीनियर्स की चुप्पी, मजदूरों के साथ यहां से गुजरने वाले राहगीरों की जान पर भी संकट छाया**

## कोहरे ने घटाई दृश्यता, शीतलहर से छूटी धूजणी

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजधानी जयपुर सहित राजस्थान के तमाम शहर रविवार सुबह कोहरे की चादर में लिपटे रहे। मावठ के बाद अब घना कोहरा छाने के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रह गई।

नागौर, सीकर, दौसा, भरतपुर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, चूरू, टोंक, कोटा आदि शहरों में हाईवे पर गाड़ियां धीरे-धीरे रैंगती नजर आई। कोहरे से दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को दिन में भी हैडलाइट जलाकर गाड़ियां चलानी पड़ी। हालांकि दोपहर 12 बजे के आसपास अच्छी धूप खिली।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर शनिवार को खत्म हो गया है। राज्य में नए साल के आगमन तक तेज सर्दी पड़ने और न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के 28 जिलों में घने कोहरे पड़ने की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

इन्हीं 28 में से 11 जिलों में कोल्ड-वेव (शीतलहर) चलने की भी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 1 जनवरी से प्रदेश में मौसम साफ होने और कोहरे, शीतलहर से राहत की संभावना है। हालांकि सर्दी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।